# वेबसाइट पर अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

4 सितंबर, 2019 से अक्सर पूछे जाने वाले सवाल की समिति

## विषय


1. VCA पर अक्सर पूछे जाने वाले सवाल....................................................................1
2. मानक अक्सर पूछे जाने वाले सवाल: मतदाता पंजीकरण......................................................7
3. मानक अक्सर पूछे जाने वाले सवाल: डाक द्वारा मतदान.......................................................14
4. मानक अक्सर पूछे जाने वाले सवाल: उम्मीदवार सेवाएं.......................................................17


## 1. VCA पर अक्सर पूछे जाने वाले सवाल


- मैंने स्थायी डाक द्वारा मतदान मतदाता बनने का अनुरोध नहीं किया, मुझे डाक द्वारा मतदान मतपत्र क्यों प्राप्त हुआ है?
- Santa Clara काउंटी ने मतदाता पसंद अधिनियम (वोटर च्वाइस एक्ट) को अपनाना क्यों चुना?
- मतदान केन्द्र क्या है?
- मतदान स्थलों से लेकर मतदान केंद्रों तक के बदलाव के बारे में लोग कैसे जान सकते हैं?
- मतदाता पसंद अधिनियम के क्या फायदे हैं?
- मतदान केन्द्र पर क्या मतदान सहायता उपलब्ध है?
- मैं अपने पास (निकटतम) मतदान केन्द्र कैसे ढूँढ सकता/ती हूँ?
- क्या कैलिफोर्निया राज्य में कोई भी Santa Clara काउंटी में मतदान केन्द्र पर मतदान कर सकता/ती हैं?
- क्या मतदान केन्द्र सप्ताहांत या छुट्टियों पर खुले हैं?
- Santa Clara काउंटी में कितने मतदान केंद्रों की आवश्यकता है?
- अलग-अलग मतदान केंद्रों में जा कर दो बार मतदान करने से किसी व्यक्ति को कैस रोका जा सकता है?
- मतपत्र ड्रॉप बॉक्स क्या है?
- Santa Clara काउंटी में कितने मतपत्र ड्रॉप बॉक्सों की आवश्यकता है?
- क्या मतपत्र ड्रॉप बॉक्स सुरक्षित होंगे?
- काउंटी मतदान केंद्रों और मतपत्र ड्रॉप बॉक्स स्थानों का चयन कैसे करती है?
- मतदान केंद्रों और मतपत्र ड्रॉप बॉक्स स्थानों के चयन के लिए किन मानदंडों पर विचार किया जाता है?
- मैं आपको कैसे बता सकता/ती हूँ अगर मैं एक स्थान के बारे में जानता/ती हूँ जो मतदान केंद्रों या मतपत्र ड्रॉप बॉक्स के रूप में काम कर सकता है?
- मैं चुनाव कार्यकर्ता कैसे बन सकता/ती हूँ?
- क्या Santa Clara काउंटी मतदाता रजिस्ट्रार कार्यालय मतदाताओं के लिए किसी भी ऐप्स का इस्तेमाल करने की पेशकश करता है?

मतदान केंद्रों और मतपत्र ड्रॉप बॉक्सों पर अक्सर पूछे जाने वाले सवालों के जवाब

- मैंने स्थायी रुप से डाक द्वारा मतदान मतदाता बनने का अनुरोध नहीं किया, मुझे डाक द्वारा मतदान मतपत्र क्यों प्राप्त हुआ है?
  *कैलिफोर्निया मतदाता पसंद अधिनियम (VCA) के पारित होने के साथ, और पर्यवेक्षकों के बोर्ड द्वारा अनुमोदन किए जाने पर, Santa Clara काउंटी --- में हर पंजीकृत मतदाता को मार्च 2020 चुनाव से शुरू, प्रत्येक चुनाव से 29 दिन पहले --- स्वचालित रूप से डाक द्वारा मतदान मतपत्र भेजा जाएगा। इससे मतदाता यह तय कर सकते हैं कि वे कैसे, कब और कहाँ मतदान करना चाहते हैं।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- Santa Clara काउंटी ने मतदाता पसंद अधिनियम को क्यों अपनाना?
  *आज के मतदाताओं के जीवन को प्रतिबिंबित करने के लिए Santa Clara काउंटी ने चुनावों को आधुनिक बनाने के लिए मतदाता पसंद अधिनियम को अपनाया। मतदाता पसंद अधिनियम मतदाताओं को कैसे, कब, और कहाँ मतदान करने का विकल्प प्रदान करके मतदान और अधिक सुविधाजनक बना देगा। सभी मतदाताओं को डाक से डाक द्वारा मतदान मतपत्र प्राप्त होगा, और चुनाव के दिन एक मतदान स्थल पर मतदान करने के लिए सीमित होने के बजाय ,अब आप काउंटी में किसी भी मतदान केंद्र में व्यक्तिगत रूप से मतदान करने में सक्षम हो जाएगा (चुनाव के दिन से 10 दिन पहले से लेकर) या हमारे कार्यालय 1555 Berger Drive, Building 2, San Jose, CA 95112 पर (चुनाव के दिन से 29 दिन पहले से लेकर), या अपने मतदान किया हुए मतपत्र को मतपत्र ड्रॉप बॉक्स में डालकर।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मतदान केंद्र क्या है?
  *"मतदान केंद्र" एक सार्वभौमिक मतदान स्थल है जहाँ Santa Clara काउंटी में कोई भी पंजीकृत मतदाता मतदान कर सकते हैं। सीधे शब्दों में कहा जाए तो, मतदान केंद्रों के साथ, मतदान करने के लिए किसी भी मतदान केंद्र पर जाया जा सकता है।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मतदान स्थलों से मतदान केंद्रों में बदलाव के बारे में लोगों को कैसे पता चलेगा?
  - *हम प्रत्येक मतदाता से कम से कम दो बार डाक द्वारा सीधे संपर्क करेंगे।*
  - *हम सार्वजनिक सेवा घोषणाओं का निर्माण कर रहे हैं, और मीडिया के आउटलेट के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, जिसमें आवश्यक अल्पसंख्यक भाषाएं शामिल हैं, जैसे: स्थानीय समाचार पत्र, रेडियो स्टेशन और टेलीविजन। हम मीडिया के आउटलेट के लिए प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रहे हैं ताकि वे इन परिवर्तनों के बारे में जान सकें और प्रसार करने में मदद कर सकें। हम प्रसार करने के लिए ट्विटर, इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे सभी सोशल मीडिया आउटलेट्स का उपयोग करने की भी योजना बना रहे हैं।*

- *हम साल भर में सामुदायिक घटनाओं में भाग लेने और स्थानीय समुदाय, विकलांगता और भाषा समूहों के साथ काम करके जनता को शिक्षित करते हैं। यदि आपको किसी घटना के बारे में पता है और चाहते हैं कि मतदाता रजिस्ट्रार कार्यालय उस में भाग ले तो अधिक जानकारी के लिए Outreach@rov.sccgov.org कृपया पर ईमेल करें।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मतदाता पसंद अधिनियम के क्या फायदे हैं?
*मतदाता पसन्द अधिनियम में मतदान केंद्रों का प्रावधान है जो मतदान को अधिक सुविधाजनक बनाते हैं। मतदाता यह चुनने में सक्षम हैं कि वे कैसे, कब और कहाँ मतदान करना चाहते हैं। सभी पंजीकृत मतदाताओं को डाक में एक डाक द्वारा मतदान मतपत्र प्राप्त होता है। चुनाव के दिन से पहले 10 दिन शुरू, सप्ताहांत और छुट्टियों सहित मतदान करने के लिए अधिक दिन हैं। मतदान के लिए पंजीकरण करने के लिए और अधिक स्थान हैं, और चुनाव के दिन से पहले व्यक्तिगत रूप से मतदान करने के लिए अधिक स्थान हैं। मतपत्रों को किसी भी मतपत्र ड्रॉप बॉक्स स्थान या मतदान केंद्र पर डाला/दिया जा सकता है। प्रतिस्थापन मतपत्र प्राप्त करने के लिए अधिक स्थान हैं, अधिक सुलभ मतदान मशीनें और मतदान केंद्रों पर अधिक भाषा सहायता।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मतदान केन्द्र पर क्या मतदान सहायता उपलब्ध है?
*प्रत्येक मतदान केंद्र कम से कम तीन (3) सुलभ मतपत्र अंकन उपकरणों के साथ सुसज्जित किया जाएगा ताकि सभी मतदाता स्वतंत्र रूप से और निजी तौर पर मतदान कर सकें। फिर भी मतदाता मतदान प्रक्रिया के दौरान उनकी सहायता करने के लिए दो लोगों को ला सकते हैं, जो मतदाता के नियोक्ता या संघ के प्रतिनिधि न हों। मतदान केंद्रों में द्विभाषी सहायता भी उपलब्ध होती है। यह देखने के लिए कि आपके नज़दीक मतदान केंद्र में कौन सी भाषा सहायता उपलब्ध है, कृपया हमारे कार्यालय पर 408-299-8683 या 866-430-8683 पर फोन करें।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मैं अपने पास (निकटतम) मतदान केन्द्र कैसे ढूँढ सकता/ती हूँ?
*प्रत्येक चुनाव से 40 दिन पहले शुरू, आप मतदान केंद्रों और मतपत्र ड्रॉप बॉक्स स्थानों की एक सूची हमारी काउंटी मतदाता सूचना गाइड में पा सकते हैं, जिसे प्रत्येक मतदाता को डाक द्वारा भेजा जाएगा और हमारी वेबसाइट पर भी पोस्ट किया जाएगा।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- क्या कैलिफोर्निया राज्य में कोई भी Santa Clara काउंटी में मतदान केन्द्र पर मतदान कर सकता/ती हैं?
*नहीं, Santa Clara काउंटी में मतदान केंद्र में केवल वही मतदान कर सकते हैं, जो Santa Clara काउंटी में पंजीकृत हैं या मतदान करने के लिए पंजीकरण करने के लिए पात्र हैं।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- क्या मतदान केन्द्र सप्ताहांत या छुट्टियों पर खुले हैं?

*मतदान केंद्र चुनाव के दिन से 10 दिन पहले खुलेंगे। इसमें उस समय सीमा के भीतर आने वाले दो सप्ताहांत और छुट्टियां शामिल हैं।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- Santa Clara काउंटी में कितने मतदान केंद्रों की आवश्यकता है?
  *मतदान केंद्रों की संख्या काउंटी में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या से निर्धारित होती है। 2020 के लिए हमारे अनुमानित पंजीकरण योग के आधार पर, Santa Clara काउंटी 11 दिनों के लिए खुलने वाले 25 मतदान केंद्र और 4 दिनों के लिए खुलने वाले 100 मतदान केंद्रों तक प्रदान करेगी।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- अलग मतदान केंद्रों में जा कर दो बार मतदान करने से किसी व्यक्ति को कैस रोका जा सकता है?
  *कैलिफोर्निया राज्य ने एक राज्यव्यापी मतदाता पंजीकरण डेटाबेस लागू किया है जिसे VoteCal के नाम से जाना जाता है। सभी काउंटियाँ VoteCal के माध्यम से जुड़ी हुई हैं और यह निर्धारित करने में सक्षम हैं अगर कैलिफोर्निया राज्य में एक मतदाता ने पहले कहीं भी मतदान किया है।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मतपत्र ड्रॉप बॉक्स क्या है?
  *मतपत्र ड्रॉप बॉक्स एक सुरक्षित, सुलभ, और बंद पात्र मतदाताओं को अपने डाक द्वारा मतदान मतपत्र लिफाफे डालने/छोड़ने के लिए चुनाव के दिन से 29 दिन पहले से लेकर उपलब्ध हैं। ड्रॉप बॉक्से स्थान के नियमित व्यापार घंटे के दौरान उपलब्ध होंगे। ड्रॉप बॉक्स का उपयोग करते समय किसी डाक (टिकट) की आवश्यकता नहीं होगी।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- Santa Clara काउंटी में कितने मतपत्र ड्रॉप बॉक्सों की आवश्यकता है?
  *मतपत्र ड्रॉप बॉक्स की संख्या चुनाव के दिन से 88 दिन पहले काउंटी में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या से निर्धारित होती है। मार्च 2020 के चुनाव के लिए अनुमानों के आधार पर, Santa Clara काउंटी में लगभग 79 ड्रॉप बॉक्स होंगे जो हर 15,000 पंजीकृत मतदाताओं के लिए लगभग 1 है। इसमें 1555 Berger Drive, Building 2, San Jose, CA 95112 पर स्थित मतदाता रजिस्ट्रार कार्यालय के सामने ड्राइव-थ्रू/वॉक-अप मतपत्र ड्रॉप बॉक्स शामिल है।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- क्या मतपत्र ड्रॉप बॉक्स सुरक्षित होंगे?
  *अंदर स्थित मतपत्र ड्रॉप बक्से सुरक्षित, ताले में , और एक व्यक्ति की पूर्ण निगरानी में हैं। काउंटी का एक बड़ा 24 घंटे ड्राइव-थ्रू/वॉक-अप मतपत्र ड्रॉप बॉक्स है जो कि धातु (लोहे) का बना है, जिस पर ताला लगा हुआ है, और मतदाता रजिस्ट्रार कार्यालय के बाहर स्थित जमीन पर जढ़ा हुआ है।*
  *मतपत्र ड्रॉप बॉक्स बर्बरता (तोड़-फोड़ को झेलने योग्य), हटाने और खराब मौसम का सामना करने के लिए टिकाऊ सामग्री से बने होते हैं। चुनाव कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से मतपत्र प्राप्त किए जाते हैं।*

[Back to top (शीर्ष पर वापस)](#)

- काउंटी मतदान केंद्रों और मतपत्र ड्रॉप बॉक्स स्थानों का चयन कैसे करती है?
  *काउंटी मतदान केंद्र और मतपत्र ड्रॉप बॉक्स स्थानों पर सुझाव के लिए समुदाय के साथ निवेश कर रही है। आप संभावित स्थानों के लिए सुझावों के साथ ROV-PrecinctOps@rov.sccgov.org पर ईमेल कर सकते हैं। उपयोग से पहले, सभी स्थानों का सर्वेक्षण मतदाता कार्यालय के रजिस्ट्रार द्वारा किया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे विकलांग मतदाताओं के लिए सुलभ हैं। एक बार जब स्थान का सर्वेक्षण हो जाता है, हमारा कार्यालय चुनाव कोड 4005 के तहत आवश्यक समय सीमा में उपलब्धता की पुष्टि करने के लिए सीधे साइट के साथ काम करेगा।*

*[Back to top (शीर्ष पर वापस)](#)*

- मतदान केंद्रों और मतपत्र ड्रॉप बॉक्स स्थानों के चयन के लिए किन मानदंडों पर विचार किया जाता है?
  *कैलिफ़ोर्निया चुनाव कोड 4005 विभिन्न मानदंडों को संदर्भित करता है जिन पर मतदान केंद्रों और मतपत्र ड्रॉप बॉक्स स्थानों का चयन करते समय विचार किया जाना चाहिए। इनमें शामिल हैं:*
  - *सार्वजनिक परिवहन के लिए निकटता*
  - *ऐतिहासिक रूप डाक द्वारा मतदान का कम उपयोग करने वाले समुदाय*
  - *जनसंख्या केंद्र*
  - *भाषा अल्पसंख्यक समुदाय*
  - *विकलांग मतदाताओं के साथ*
  - *घरेलू वाहन स्वामित्व के कम दरों वाले समुदाय*
  - *कम आय वाले समुदाय*
  - *पात्र मतदाताओं के समुदाय जो मतदान करने के लिए पंजीकृत नहीं हैं और उन्हें उसी दिन मतदाता पंजीकरण पहुँच की आवश्यकता हो सकती है*
  - *भौगोलिक दृष्टि से अलग-थलग आबादी*

  *इसके अलावा, हमें विचार करना चाहिए:*
  - *मतदान केंद्रों और ड्रॉप बॉक्स स्थानों पर सुलभ और मुफ्त पार्किंग की पहुँच*
  - *एक मतदाता के द्वारा मतदान केंद्र और ड्रॉप बॉक्स स्थान के लिए कार या सार्वजनिक परिवहन से यात्रा करने में दूरी और समय*
  - *विकलांग मतदाताओं के लिए एक स्वतंत्र निजी मतपत्र डालने की क्षमता*
  - *मतदान केंद्रों और ड्रॉप बॉक्स स्थानों के पास यातायात पद्धति*
  - *स्थापित मतदान केंद्रों की संख्या के अलावा मोबाइल मतदान केंद्रों की जरूरत*
  - *कम समय के लिए अतिरिक्त मतदान केंद्र खोलने की आवश्यकता*
  - *सुविधा उपलब्धता और मतदाताओं की सेवा के लिए प्रतिबद्धता*
  - *सार्वजनिक निवेश और सुझाव*

[Back to top (शीर्ष पर वापस)](#)

- मैं आपको कैसे बता सकता/ती हूँ अगर मैं एक स्थान के बारे में जानता/ती हूँ जो मतदान केंद्र या मतपत्र

ड्रॉप बॉक्स के रूप में काम कर सकता है?

*हम हमेशा समुदाय की सेवा के लिए संभावित मतदान केंद्र या मतपत्र ड्रॉप बॉक्स स्थानों की तलाश में रहते हैं! सभी संभावित स्थानों का चुनाव कार्यालय द्वारा सर्वेक्षण किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पहुँच आवश्यकताओं को पूरा किया जाए। किसी स्थान की बारे में सुझाव देना या मतदान केंद्र के रूप में सेवा करने के लिए आवश्यकताओं के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए, कृपया हमसे ROV-PrecinctOps@rov.sccgov.org पर ईमेल द्वारा या 408-299-7655 पर फोन द्वारा संपर्क करें।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मैं चुनाव कार्यकर्ता कैसे बन सकता/ती हूँ?

  *आप निम्नलिखित लिंक का उपयोग करके चुनाव कार्यकर्ता बनने के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं: एक चुनाव कार्यकर्ता बनें।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- क्या Santa Clara काउंटी मतदाता रजिस्ट्रार कार्यालय मतदाताओं के लिए किसी भी ऐप्स का इस्तेमाल करने की पेशकश करता है?

  *हाँ, SCCVOTE मोबाइल ऐप, मोबाइल उपकरणों के लिए मुफ्त डाउनलोड उपलब्ध है। प्रदान की गई कुछ विशेषताएं हैं:*

  - *ऑनलाइन मतदान पंजीकरण करने के लिए त्वरित और आसान पहुँच*
  - *अपने मतदाता पंजीकरण की स्थिति की पुष्टि करना*
  - *एक चुनाव से 30 दिन पहले आप के लिए निकटतम मतदान केंद्र और मतपत्र ड्रॉप बॉक्स स्थान ढूंढना*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

## 2. मानक अकसर पूछे जाने वाले सवाल: मतदाता पंजीकरण

- मतदान करने के लिए पंजीकरण करने की क्या आवश्यकताएँ हैं?
- क्या मैं मतदान करने के लिए पूर्व-पंजीकरण कर सकता/ती हूँ?
- मैं मतदान करने के लिए पंजीकरण कैसे करूँ?
- जब मैं पंजीकरण करता हूँ तो क्या मैं अपने पी.ओ. बॉक्स या मेल ड्रॉप पते का उपयोग अपने पते के रूप में कर सकता/ती हूँ?
- मैं बेघर हूँ। मैं पंजीकरण कैसे करूँ?
- पंजीकरण करने के लिए क्या पहचान की आवश्यकता है?
- मैं अपने पंजीकरण की स्थिति की जाँच कैसे करूँ?
- मैं अपने मतदाता पंजीकरण की स्थिति की जाँच कैसे करूँ?
- फिर से पंजीकरण करना/कराना कब आवश्यक है?
- मेरे मतदाता पंजीकरण को चालू रखना क्यों महत्वपूर्ण है?
- मैंने पिछले चुनाव में मतदान नहीं किया। क्या मुझे फिर से पंजीकरण करने की आवश्यकता है?
- मैं पंजीकरण की समय सीमा (चुनाव के दिन से 15 दिन पहले) से चूक गया/गई हूँ, क्या मैं अभी भी मतदान कर सकता/ती हूँ?
- सशर्त मतदाता पंजीकरण क्या है?
- सशर्त मतदाता पंजीकरण कब लागू हुआ?
- मुझे सशर्त मतदाता के रूप में पंजीकरण करने के लिए कहाँ जाना चाहिए?
- क्या मेरे सशर्त मतदाता पंजीकरण को अन्य सभी पंजीकरणों के समान माना जाएगा?
- सशर्त पंजीकरण और मतदान करने के लिए मुझे क्या करने की आवश्यकता है?
- सशर्त मतदाता पंजीकरण मतपत्र क्या है?
- क्या एक सशर्त मतदाता पंजीकरण मतपत्र मुझे डाक द्वारा भेजा जा सकता है?
- क्या मैं यह जाँच लगा सकता/ती हूँ कि मेरे सशर्त मतदाता पंजीकरण मतपत्र की गणना की गई है या नहीं?
- मैं पंजीकरण की समय सीमा के बाद एक नया नागरिक बन/बनी हूँ, मैं अब भी मतदान करने के लिए मतदान कर सकता/ती हूँ?
- मैं Santa Clara काउंटी में अपने मतदाता पंजीकरण को कैसे रद्द करूँ?
- मैं चुनाव कार्यालय को कैसे सूचित करूँ कि मतदाता की मृत्यु हो गई है?
- मुझे लगता है कि मैं पंजीकृत हूँ, लेकिन मतदाता पंजीकरण लुकअप टूल का उपयोग करके मेरा रिकॉर्ड नहीं मिल रहा है।
- अगर मैं मतदान करने के लिए पंजीकृत नहीं हूँ तो क्या मैं एक याचिका पर हस्ताक्षर कर सकता/ती हूँ?
- मुझे अपने घर पर राजनीतिक डाक और फोन कॉल्स प्राप्त हो रहे हैं। उन्हें मेरी जानकारी कहाँ से मिल रही है?
- मतदाता पंजीकरण में मोटर वाहन विभाग (DMV) क्यों शामिल है?

- [क्या यह सच है कि मतदाता पंजीकरण सूचियों का उपयोग जूरी ड्यूटी के लिए नागरिकों का चयन करने के लिए किया जाता है?]
- [मुझे कई जूरी ड्यूटी सम्मन क्यों प्राप्त हो रहे हैं?]

## मतदाता पंजीकरण पर अकसर पूछे गए सवालों के उत्तर

- मतदान करने के लिए पंजीकरण करने की क्या आवश्यकताएँ हैं?

  *आप मतदान करने के लिए पंजीकरण कर सकते हैं यदि:*
  - *आप संयुक्त राज्य अमेरिका के नागरिक हैं*
  - *आप कैलिफोर्निया के निवासी हैं*
  - *आपकी आयु कम से कम 18 वर्ष है (या अगले चुनाव की तारीख तक हो जाएगी)*
  - *यदि आप 16 या 17 वर्ष के हैं तो आप मतदान करने के लिए पूर्व-पंजीकरण कर सकते हैं आप अपने 18वें जन्मदिन पर मतदान करने के लिए स्वचालित रूप से पंजीकृत हो जाएँगे*
  - आप अदालत द्वारा मानसिक रूप से अक्षम नहीं पाया गए हैं
  - *आप वर्तमान में घोर अपराध की सज़ा के लिए एक राज्य या संघीय जेल में नहीं हैं*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- क्या मैं मतदान करने के लिए पूर्व-पंजीकरण कर सकता/ती हूँ?

  *हाँ, यदि आप कम से कम 16 वर्ष के हैं और अन्य सभी पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। यदि आप पूर्व-पंजीकृत हैं तो आप अपने 18वें जन्मदिन पर मतदान करने के लिए स्वचालित रूप से पंजीकृत हो जाएँगे। पूर्व-पंजीकरण करने के लिए, नीचे मैं मतदान करने के लिए पंजीकरण कैसे करूँ प्रश्न देखें।*

Back to top  (शीर्ष पर वापस)

- मैं मतदान करने के लिए पंजीकरण कैसे करूँ?

  *आपके पास कई विकल्प हैं, आप:*
  - *निम्नलिखित लिंक का उपयोग करके ऑनलाइन पंजीकरण करें: www.registertovote.ca.gov*
  - *मतदाता पंजीकरण फॉर्म पूरा करें (अधिकांश सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक पुस्तकालयों और डाकघरों में उपलब्ध)*
  - *मतदाता रजिस्ट्रार कार्यालय को 408-299-8683 या 866-430-8683 पर कॉल करके आप मतदाता पंजीकरण फॉर्म को डाक द्वारा भेजने का अनुरोध करें।*

Back to top  (शीर्ष पर वापस)

- जब मैं पंजीकरण करता हूँ तो क्या मैं अपने पी.ओ. बॉक्स या मेल ड्रॉप पते का उपयोग अपने पते के रूप में कर सकता/ती हूँ?

  *नहीं, आप अपने पी.ओ. बॉक्स या मेल ड्रॉप बॉक्स पते का उपयोग केवल अपने डाक पते के रूप में कर सकते हैं।*

*अपने मतदान जिलों का निर्धारण करने के लिए एक निवास पते की आवश्यकता है।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मैं बेघर हूँ। मैं पंजीकरण कैसे करूँ?

  *अपने मतदान जिलों का निर्धारण करने के लिए एक निवास पते की आवश्यकता है:*

  - *एक बेघर व्यक्ति एक स्थान पर मतदान करने के लिए पंजीकरण कर सकता है, जहाँ वे अपना अधिकांश समय बिताते हैं। व्यक्ति को उस स्थान का विवरण प्रदान करना चाहिए जो मतदाता रजिस्ट्रार के लिए पर्याप्त स्पष्ट (जैसे की क्रॉस स्ट्रीट्स) हो ताकि उस व्यक्ति का किसी विशेष परिसर में मतदान करने का अधिकार स्थापित किया जा सके। इससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि उस मतदाता को सटीक चुनाव सामग्री उपलब्ध कराई जा सके। इन आवृत्तियों में मतदाता को चुनाव सामग्री प्राप्त करने के लिए एक डाक पता उपलब्ध कराने की जरूरत है।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- पंजीकरण करने के लिए क्या पहचान की आवश्यकता है?

  *ज्यादातर मामलों में, कैलिफोर्निया में मतदाता को पहचान दिखाने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, अगर आप डाक द्वारा मतदान करने के लिए पंजीकरण करने के बाद पहली बार मतदान कर रहे हैं और अपने कैलिफोर्निया ड्राइवर लाइसेंस नंबर, कैलिफोर्निया पहचान संख्या या अपने पंजीकरण फार्म पर अपने सोशल सिक्योरिटी नंबर के अंतिम चार अंक प्रदान नहीं किए, तो जब आप मतदान केंद्र में जाते हैं, आपको पहचान का एक फार्म दिखाने के लिए कहा जा सकता है।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मैं अपने पंजीकरण की स्थिति की जाँच कैसे करूँ?

  *क्या आप पर मतदान करने के लिए पंजीकृत हैं, जानने के लिए www.sccvote.org या www.registertovote.ca.gov पर जा सकते हैं। आप हमारे कार्यालय को 408-299-8683 या 866-430-8683 पर भी कॉल कर सकते हैं।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मैं अपने मतदाता पंजीकरण की स्थिति की जाँच कैसे करूँ?

  *यह जानने के लिए कि क्या आप पंजीकृत हैं, नम्नलिखित लिंक का उपयोग कर सकते हैं: मतदाता पंजीकरण लुकअप टूल या हमारे कार्यालय को 408-299-8683 या 866-430-8683 पर कॉल करें।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- फिर से पंजीकरण करना/कराना कब आवश्यक है?

  *आपको फिर से पंजीकरण करना होगा, जब भी आप इन्हें बदलते हैं:*

  - *नाम*
  - *राजनैतिक दल*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मेरे मतदाता पंजीकरण को चालू रखना क्यों महत्वपूर्ण है?
  *आपके मतदाता पंजीकरण में आपका वर्तमान निवास और डाक पता होना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आपको सही मतपत्र सामग्री प्राप्त हो। चुनाव की डाक को अग्रेषित नहीं किया जाता है।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मैंने पिछले चुनाव में मतदान नहीं किया। क्या मुझे फिर से पंजीकरण करने की आवश्यकता है?
  *सामान्य तौर पर, आपको फिर से पंजीकरण करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि जब तक आप एक ही पते पर रहते हैं, तब तक आप मतदान करने के लिए पंजीकृत हैं। अपने पंजीकरण की स्थिति की जाँच करने के लिए हमारी वेबसाइट, www.sccvote.org पर जाएँ या हमारे कार्यालय को 408-299-8683 या 866-430-8683 पर कॉल करें।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मैं पंजीकरण की समय सीमा (चुनाव के दिन से 15 दिन पहले) से चूक गया/गई हूँ, क्या मैं अभी भी मतदान कर सकता/ती हूँ?
  *हाँ, आप नए सशर्त मतदाता पंजीकरण विकल्पों का लाभ उठा सकते हैं, जो 14 दिन पहले से लेकर चुनाव के दिन तक उपलब्ध है। सशर्त मतदाता पंजीकरण मतदाता रजिस्ट्रार कार्यालय और मतदान केंद्रों में प्रदान किया जाता है।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- सशर्त मतदाता पंजीकरण क्या है?
  *यदि आपने '15-दिन मतदाता पंजीकरण' की समय सीमा तक मतदान करने के लिए पंजीकरण नहीं कराया है, तो आप सशर्त रूप से मतदान करने के लिए पंजीकरण कर सकते हैं और चुनाव के दिन से 14 दिनों की अवधि के दौरान मतदाता रजिस्ट्रार कार्यालय या मतदान केंद्र पर जाकर अनंतिम मतपत्र डाल सकते हैं।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- सशर्त मतदाता पंजीकरण कब लागू हुआ?
  सशर्त मतदाता पंजीकरण को 2016 में कानून की मंजूरी मिलने के बाद, 1 जनवरी, 2017 को लागू किया गया।

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मुझे सशर्त मतदाता के रूप में पंजीकरण करने के लिए कहाँ जाना चाहिए?
  *आप 1555 Berger Drive, Building 2, San Jose, CA 95112 पर Santa Clara काउंटी मतदाता*

*रजिस्ट्रार कार्यालय, या किसी भी मतदान केंद्र में चुनाव के दिन के माध्यम से चुनाव के दिन से 10 दिन पहले से लेकर चुनाव के दिन तक सशर्त मतदाता के रूप में पंजीकरण कर सकते हैं। आप ऑनलाइन भी मतदान करने के लिए पंजीकरण कर सकते हैं; हालांकि, चुनाव के लिए मतपत्र डालने के लिए, आपको मतदाता रजिस्ट्रार कार्यालय या मतदान केंद्र में आना होगा।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- क्या मेरे सशर्त मतदाता पंजीकरण को अन्य सभी पंजीकरणों के समान माना जाएगा?

  *हाँ, आपके सशर्त मतदाता पंजीकरण को अन्य सभी अनंतिम मतपत्रों के समान माना और संसाधित किया जाएगा।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मुझे सशर्त पंजीकरण और मतदान करने के लिए क्या करने की आवश्यकता है?

  *आपको मतदाता पंजीकरण फ़ॉर्म पूरा करने की आवश्यकता है और फिर मतपत्र डालने के लिए, काउंटी में मतदाता रजिस्ट्रार कार्यालय या किसी भी मतदान केंद्र पर मतदान करना होगा। कृपया ध्यान दें, सशर्त मतदाता पंजीकरण मतपत्र परिसर से लिया और बाद की तारीख में वापस नहीं किया जा सकता है।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- सशर्त मतदाता पंजीकरण मतपत्र क्या है?

  *एक सशर्त मतदाता पंजीकरण मतपत्र एक अनंतिम मतपत्र है जिसे आपके सशर्त मतदाता पंजीकरण के सत्यापन पर संसाधित किया जाएगा।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- क्या एक सशर्त मतदाता पंजीकरण मतपत्र मुझे डाक द्वारा भेजा जा सकता है?

  *नहीं, सशर्त मतदाता पंजीकरण मतपत्र को केवल काउंटी मतदाता रजिस्ट्रार कार्यालय (चुनाव के दिन से 14 दिन पहले से शुरू होकर चुनाव के दिन तक) या मतदान केंद्रों पर व्यक्तिगत रूप से ही जारी किया जा सकता है।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- क्या मैं यह जाँच लगा सकता/ती हूँ कि मेरे सशर्त मतदाता पंजीकरण मतपत्र की गणना की गई है या नहीं?

  *हाँ, आप www.sccvote.org या https://voterstatus.sos.ca.gov/ पर चुनाव के 30 दिन बाद अपने अनंतिम मतपत्र की स्थिति की जाँच कर सकते हैं। आप हमारे कार्यालय को 408-299-8683 या 866-430-8683 पर कॉल भी कर सकते हैं।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मैं पंजीकरण की समय सीमा के बाद एक नया नागरिक बना/बनी हूँ, क्या मैं अब भी मतदान करने के लिए

मतदान कर सकता/ती हूँ?

*यदि आप अगले चुनाव से 15 दिन से भी कम समय में अमेरिकी नागरिक बन जाएँगे, तो आप पंजीकरण और मतदान करने में सक्षम हो सकते हैं। आपको अपने नैचुर्लाईयेशन का प्रमाणपत्र (सर्टिफिकेट) प्रस्तुत करना होगा और यह कहते हुए कि आप कैलिफोर्निया में मतदान करने के योग्य हैं, एक फॉर्म पर हस्ताक्षर करना होगा।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मैं Santa Clara काउंटी में अपने मतदाता पंजीकरण को कैसे रद्द करूँ?

  आप निम्नलिखित लिंक का उपयोग करके मतदाता कार्रवाई अनुरोध फॉर्म को पूरा, हस्ताक्षर और जमाँ कर सकते हैं: *https://www.sccgov.org/sites/rov/Register/Documents/VARF_318.pdf.* आप फॉर्म डाक द्वारा भेजने के लिए हमारे कार्यालय को कॉल करके भी अनुरोध करें सकते हैं।

  - *यदि आप Santa Clara काउंटी में मतदान करने के लिए पंजीकृत नहीं होना चाहते हैं, तो आप अपने नाम, पते, जन्म तिथि और हस्ताक्षर के साथ एक लिखित अनुरोध भी भेज सकते हैं।*
    - *Santa Clara मतदाता रजिस्ट्रार को 1555 Berger Drive, Building 2, SanJose, CA 95112 पर डाक द्वारा भेजें*
    - *स्कैन करने के बाद voterinfo@rov.sccgov.org पर ईमेल करें*
    - *दस्तावेज़ को 408-998-7314 पर फैक्स करें*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मैं चुनाव कार्यालय को कैसे सूचित करूँ कि मतदाता की मृत्यु हो गई है?

  *मतदाता रजिस्ट्रार कार्यालय Santa Clara काउंटी के अन्दर राज्य और काउंटी से मौतों का मासिक अद्यतन प्राप्त करता है। मतदाता का पंजीकरण रद्द करने का अनुरोध करने के लिए, मतदाता कार्रवाई अनुरोध फॉर्म को पूरा करें, हस्ताक्षर करें और जमा करने के लिए निम्नलिखित लिंक का उपयोग करें:* https://www.sccgov.org/sites/rov/Register/Documents/VARF_318.pdf. *आप हमारे कार्यालय को डाक द्वारा मतदाता कार्रवाई अनुरोध फॉर्म को भेजने के लिए कॉल करके भी अनुरोध करें सकते हैं।*

  Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मुझे लगता है कि मैं पंजीकृत हूँ, लेकिन मतदाता पंजीकरण लुकअप टूल का उपयोग करके मेरा रिकॉर्ड नहीं मिल रहा है।

  *मतदाता पंजीकरण लुकअप टूल का उपयोग करते समय, अपने निवास का पता और अपने जन्म की तिथि को म म।दि दि।व व व व प्रारूप में दर्ज करें। यदि आप फिर भी अपने रिकॉर्ड का पता लगाने में असमर्थ हैं, तो कृपया सत्यापन के लिए हमारे कार्यालय को 408-299-8683 या 866-430-8683 पर कॉल करें।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- अगर मैं मतदान करने के लिए पंजीकृत नहीं हूँ तो क्या मैं एक याचिका पर हस्ताक्षर कर सकता/ती हूँ?
  *आप एक याचिका पर हस्ताक्षर कर सकते हैं; हालांकि, सत्यापन प्रक्रिया के दौरान आपके हस्ताक्षर को वैध माना जाने के लिए कुछ आवश्यकताओं को पूरा किया जाना चाहिए।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मुझे अपने घर पर राजनीतिक डाक और फोन कॉल्स प्राप्त हो रहे हैं। उन्हें मेरी जानकारी कहाँ से मिल रही है?
  *यह जानकारी मतदाता पंजीकरण सूची सहित कई तरह के स्रोतों से प्राप्त की जा सकती है। वर्तमान कानून मतदाता पंजीकरण डेटा को अधिकृत व्यक्तियों या समूहों को चुनाव, सरकारी, विद्वानों या राजनीतिक अनुसंधान उद्देश्यों के लिए उपयोग करने की अनुमति देता है। यदि आप अपने पंजीकरण से अपना फोन नंबर हटाना चाहते हैं, तो कृपया हमारे कार्यालय को 408-299-8683 या 866-430-8683 पर कॉल करें क्योंकि यह पंजीकरण उद्देश्यों के लिए आवश्यक नहीं है।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मतदाता पंजीकरण में मोटर वाहन विभाग (DMV) क्यों शामिल है?
  *1993 का राष्ट्रीय मतदाता पंजीकरण अधिनियम डीएमवी (DMV) कार्यालय में व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों को मतदान करने या मतदाता पंजीकरण की जानकारी अपडेट करने के लिए पंजीकरण करने की अनुमति देता है।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- क्या यह सच है कि मतदाता पंजीकरण सूचियों का उपयोग जूरी ड्यूटी के लिए नागरिकों का चयन करने के लिए किया जाता है?

  *हाँ, जूरी ड्यूटी सम्मन मतदाता पंजीकरण रिकॉर्ड के साथ ही DMV रिकॉर्ड से लिए जाते हैं।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मुझे कई जूरी ड्यूटी सम्मन क्यों प्राप्त हो रहे हैं?
  *अगर आपका नाम आपके मतदाता पंजीकरण रिकॉर्ड की तुलना में आपके ड्राइवर के लाइसेंस पर अलग दिखाई देता है, तो आपको कई नोटिस मिल सकते हैं। इस स्थिति को हल करने के लिए, एक नया मतदाता पंजीकरण फॉर्म को अपने नाम के साथ, जैसा की कैलिफोर्निया ड्राइवर लाइसेंस पर दिखाई देता है, पूरा करें और मतदाता रजिस्ट्रार कार्यालय को वापस करें या ऑनलाइन www.registertovote.ca.gov पर एक नया मतदाता पंजीकरण पूरा करें। जूरी आयुक्त DMV और काउंटी चुनाव कार्यालय द्वारा प्रदान की गई सूचियों से जूरी सदस्यों का चयन कर सकते हैं। अपने कैलिफ़ोर्निया ड्राइवर लाइसेंस या आईडी से मेल खाने के लिए अपने मतदाता रिकॉर्ड को अपडेट करने से कई सम्मन समाप्त हो सकते हैं।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

## 3. अकसर पूछे जाने वाले सवाल: डाक द्वारा मतदान


- मुझे अपने डाक द्वारा मतदान मतपत्र के आने की उम्मीद कब करनी चाहिए?
- मैं अस्थाई रूप से काउंटी या राज्य से बाहर हूँ। क्या मैं अपने मतपत्र को एक अलग पते पर भेज सकता हूँ?
- मुझे प्रतिस्थापन मतपत्र कैसे मिलेगा?
- क्या मुझे अपने मतपत्र को डाक से भेजने के लिए टिकट लगाने की आवश्यकता है?
- मैं अपने डाक द्वारा मतदान मतपत्र की स्थिति के बारे में कैसे जान सकता/ती हूँ?
- मैं एक अमेरिकी नागरिक हूँ और अस्थाई रूप से (सैन्य सेवा, रोजगार या अध्ययन कार्यक्रम) संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर रह रहा/ही हूँ। क्या मैं मतदान करने के योग्य हूँ?
- प्रवासी मतपत्र कब भेजें जा रहे हैं?
- मेरा डाक द्वारा मतदान मतपत्र लौटाने का आखिरी दिन कब है?
- मेरा बेटा/बेटी स्कूल में दूर है। क्या मैं उनके डाक द्वारा मतदान मतपत्र उठा सकता/ती हूँ?
- मेरा डाक द्वारा मतदान मतपत्र लिफाफा खो गया है, मैं मतपत्र कैसे भेज सकता/ती हूँ?


### डाक द्वारा मतदान पर अकसर पूछे गए सवालों के उत्तर

- मुझे अपने डाक द्वारा मतदान मतपत्र के आने की उम्मीद कब करनी चाहिए?
  *मतपत्र चुनाव से 29 दिन पहले डाक द्वारा भेजे जाने शुरू हो जाते हैं। यदि आपको चुनाव से दो सप्ताह पहले अपना मतपत्र प्राप्त नहीं हुआ है, तो कृपया हमारे कार्यालय को 408-299-8683 या 866-430-8683 पर कॉल करें।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मैं अस्थाई रूप से काउंटी या राज्य से बाहर हूँ। क्या मैं अपने मतपत्र को एक अलग पते पर भेज सकता हूँ?
  *हाँ, कृपया हमारे कार्यालय को 408-299-8683 या 866-430-8683 पर फोन करें, और आपके मतपत्र को आपके अस्थायी पते पर डाक द्वारा भेजे दिया जाएगा।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मुझे प्रतिस्थापन मतपत्र कैसे मिल सकता है?
  *कृपया हमारे कार्यालय को 408-299-8683 या 866-430-8683 पर फोन करें, और हम आपको डाक द्वारा एक प्रतिस्थापन मतपत्र भेज देंगे। आप Santa Clara काउंटी में स्थित किसी भी मतदान केंद्र या हमारे कार्यालय 1555 Berger Drive, Building 2, San Jose, CA 95112, से भी प्रतिस्थापन मतपत्र ले सकते हैं।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- क्या मुझे अपने मतपत्र को डाक से भेजने के लिए टिकट लगाने की आवश्यकता है?

  *नहीं, आपको डाक (टिकट) की आवश्यकता नहीं है। सभी डाक द्वारा मतदान मतपत्रों को काउंटी द्वारा डाक भुगतान वापसी लिफाफे के साथ भेजा जाता है।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मैं अपने डाक द्वारा मतदान मतपत्र की स्थिति के बारे में कैसे जान सकता/ती हूँ?

  *आपके डाक द्वारा मतदान मतपत्र की स्थिति प्रत्येक चुनाव के शुरू होने से 29 दिन पहले उपलब्ध होगी। आप निम्नलिखित लिंक का उपयोग करके अपने डाक द्वारा मतदान मतपत्र की स्थिति की जाँच कर सकते हैं: https://eservices.sccgov.org/rov/?tab=ab*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मैं एक अमेरिकी नागरिक हूँ और अस्थाई रूप से (सैंय सेवा, रोजगार या अध्ययन कार्यक्रम) संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर रह रहा/ही हूँ। क्या मैं मतदान करने के योग्य हूँ?

  *हाँ, यदि आप मतदान आवश्यकताओं को पूरा करते हैं और एक फेडरल पोस्ट कार्ड एप्लिकेशन (FPCA) को पूरा करते हैं और इसे हमारे कार्यालय में वापस करते हैं। आप नीचे सूचीबद्ध किसी भी विकल्प पर एक आवेदन प्राप्त कर सकते हैं:*

  - *मतदाता रजिस्ट्रार कार्यालय*
  - *किसी भी सैन्य अड्डे का मतदान सहायता कार्यालय*
  - *अमेरिकी दूतावास या वाणिज्य दूतावास*
  - *निम्नलिखित लिंक: https://www.fvap.gov/uploads/FVAP/Forms/fpca2013.pdf*
  - *आपको अपने डाक (मेलिंग) पते में किसी भी परिवर्तन के बारे में हमारे कार्यालय को सूचित करना होगा*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- प्रवासी मतपत्र कब भेजें जा रहे हैं?

  *प्रवासी मतपत्रों को चुनाव से पहले 60 और 45 दिनों के बीच डाक द्वारा भेजा जा सकता है। एक प्रवासी मतदाता के रूप में, आप अपने मतपत्र को तीन में से किसी एक तरीकों से प्राप्त कर सकते हैं: एक ईमेल लिंक, डाक, या फैक्स द्वारा।*

  *यदि आप एक प्रवासी मतदाता है और चुनाव से चार (4) सप्ताह पहले अपने अपना मतपत्र प्राप्त नहीं किया है, कृपया प्रतिस्थापन के लिए हमारे कार्यालय से संपर्क करें। आप हमसे फोन 408-299-8683 or 866-430-8683, फ़ैक्स 408-998-7314, और votebymail@rov.sccgov.org पर ईमेल द्वारा संपर्क कर सकते हैं।*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मेरा डाक द्वारा मतदान मतपत्र लौटाने का आखिरी दिन कब है?

  *डाक के माध्यम से भेजे गए मतदान मतपत्रों को चुनाव के दिन या उससे पहले पोस्टमार्क किया जाना चाहिए और चुनाव के दिन के बाद सात दिनों के अन्दर मतदाता कार्यालय के रजिस्ट्रार द्वारा प्राप्त किया जाना चाहिए।*

  *अपने मतपत्र को Santa Clara काउंटी में किसी भी मतपत्र ड्रॉप बॉक्स या मतदान केंद्र, या हमारे*

*कार्यालय 1555 Berger Drive, Building 2, San Jose, CA 95112, पर चुनाव के दिन रात 8:00 बजे तक पहुँचा दें।*

[Back to top (शीर्ष पर वापस)]

- मेरा बेटा/बेटी स्कूल में दूर है। क्या मैं उनके डाक द्वारा मतदान मतपत्र उठा सकता/ती हूँ?

  *एक मतपत्र स्वचालित रूप से उनके डाक पते पर भेज दिया जाएगा। यदि आपको उनके लिए प्रतिस्थापन मतपत्र लेने की आवश्यकता है, तो आप अपने बेटे या बेटी से हस्ताक्षरित अनुरोध के साथ ऐसा कर सकते हैं जो आपको ऐसा करने के लिए अधिकृत करता है।*

  *वे हमारे कार्यालय को 408-299-8683 या 866-430-8683 पर फोन कर सकते हैं, और हम उनके डाक पते पर एक मतपत्र भेज देंगे।*

[Back to top (शीर्ष पर वापस)]

- मेरा डाक द्वारा मतदान मतपत्र लिफाफा खो गया है, मैं मतपत्र कैसे भेज सकता/ती हूँ?

  *आप हमारे कार्यालय 1555 Berger Drive, Building 2, San Jose, CA 95112 से या हमें टोल फ्री नंबर 866-430-8683 पर फोन करके या Santa Clara काउंटी में किसी भी मतदान केंद्र से नया डाक द्वारा मतदान लिफाफा ले सकते हैं।*

  *इसके अलावा, आप Santa Clara काउंटी में किसी भी मतपत्र ड्रॉप बॉक्स में एक प्रतिस्थापन मतपत्र लिफाफे का उपयोग कर सकते हैं। हर मतपत्र ड्रॉप बॉक्स स्थान पर अतिरिक्त खाली लिफाफे होंगे। कृपया मांगी गई जानकारी भरें और जहाँ इंगित किया गया है वहाँ हस्ताक्षर करें।*

  *या*

  *एक सादे लिफाफे का उपयोग करें और बाहर की तरफ निम्नलिखित को शामिल करें: आपका नाम, निवास पता, और हस्ताक्षर। निम्नलिखित बयान लिखें, "मैं झूठी गवाही के दंड के तहत घोषणा करता/ती हूँ कि: मैं Santa Clara काउंटी, कैलिफोर्निया में उस परिसर का निवासी हूँ, जिसमें मैं मतदान कर रहा/ही हूँ; मैं वह व्यक्ति हूँ जिसका नाम इस लिफाफे पर दिखाई दे रहा है; मैंने इस चुनाव के लिए किसी भी अंय क्षेत्राधिकार से डाक द्वारा मतदान मतपत्र के लिए आवेदन न ही किया है और न ही इरादा रखता/ती हूँ।" ऊपर दी गई जानकारी के साथ, अपने मतदान किए हुए मतपत्र को सील करने के बाद, सादे लिफाफा में डालें, उपयुक्त डाक टिकट लगाए और डाक द्वारा मतदाता रजिस्ट्रार कार्यालय को 1555 Berger Drive, Building 2, San Jose, CA 95112 पर भेजें।*

[Back to top (शीर्ष पर वापस)]

## 4. मानक अकसर पूछे जाने वाले सवाल: उम्मीदवार सेवाएं

- मेरे निर्वाचित प्रतिनिधि कौन हैं?
- मैं एक निर्वाचित पद के लिए कैसे उम्मीदवार बन सकता/ती हूँ?
- मुझे पिछले चुनाव के परिणाम कहाँ मिल सकते हैं?
- मैं एक विधेयक को मतपत्र पर कैसे प्रस्तुत कर सकता/ती हूँ?
- एक निर्वाचित अधिकारी को पद से कैसे हटाया जा सकता है?

### उम्मीदवार सेवाओं पर अकसर पूछे गए सवालों के उत्तर

- मेरे निर्वाचित प्रतिनिधि कौन हैं?

  *आप हमारे कार्यालय को 408-299-8683 या 866-430-8683 पर फोन करके, या निम्नलिखित लिंक का उपयोग करके अपने निर्वाचित प्रतिनिधियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं: https://www.sccgov.org/sites/rov/Info/Documents/Office-Holders-List.pdf*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मैं एक निर्वाचित पद के लिए कैसे उम्मीदवार बन सकता/ती हूँ?

  *निर्वाचित पद कार्यालय के लिए कैसे उम्मीदवार बन सकते हैं, इसके बारे में जानकारी आप निम्नलिखित लिंक पर पा सकते हैं: https://www.sccgov.org/sites/rov/Info/Pages/CandidateINFO.aspx*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मुझे पिछले चुनाव के परिणाम कहाँ मिल सकते हैं?

  *आप निम्नलिखित लिंक पर पिछले चुनाव के परिणाम को देख सकते हैं: https://www.sccgov.org/sites/rov/Pages/Registrar-of-Voters.aspx*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- मैं एक विधेयक को मतपत्र पर कैसे प्रस्तुत कर सकता/ती हूँ?

  *आप निम्नलिखित लिंक का उपयोग करके विधेयकों के बारे में जानकारी पा सकते हैं: https://www.sccgov.org/sites/rov/Info/Documents/Candidates_Measures%20Packet.pdf.*

Back to top (शीर्ष पर वापस)

- एक निर्वाचित अधिकारी को पद से कैसे हटाया जा सकता है?

  *आप निम्नलिखित लिंक का उपयोग करके निर्वाचित अधिकारी को पद से हटाने के बारे में जानकारी पा सकते हैं: https://www.sccgov.org/sites/rov/Info/Pages/Recalls.aspx*

Back to top (शीर्ष पर वापस)